# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सुचना-**
विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

डिजिटल अंक | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 02 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

7 अक्टूबर 2025 मंगलवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक २७ | ● पृष्ठ ०२ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत विजयादशमी उत्सव महिपाल खेल मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम



सागवाड़ लाईव न्यूज़/ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत विजयादशमी उत्सव महिपाल खेल मैदान में रविवार शाम को मनाया। मुख्य अतिथि गमलेश्वर महादेव मंदिर के पीछे स्थित ऋषि वाल्मीकि मंदिर के व्यवस्थापक रमेश खांट थे। नगर संघचालक उमाकान्त व्यास मंचासिन थे। मुख्य वक्ता बांसवाड़ा विभाग विभाग प्रचारक विकास राज थे। अतिथियों ने शस्त्र पूजन किया। काव्य गीत आलोक शर्मा एवं अवतरण धर्म शुक्ला ने प्रस्तुत किया। अतिथि परिचय नगर कार्यवाह गोपाल पंचाल ने दिया। मुख्य अतिथि खांट ने इस बड़े आयोजन पर सनातन समाज को एक मंच पर लाने पर सभी को बधाई दी। जिला सम्पर्क प्रमुख अनुराग पाठक ने कहा कि विजयादशमी उत्सव मनाए जाने के बाद 26 अक्टूबर 16 नवम्बर तक पंच परिवर्तन के तहत घर-घर संपर्क, 30 नवम्बर से सात दिसम्बर तक सद्भाव सम्मेलन, 18 जनवरी आठ फरवरी तक हिंदू सम्मेलन, भजन मंडली, 19 अप्रेल 26 अप्रेल प्रमुख जन गोष्टी, एक अगस्त से 15 अगस्त तक युवा सम्मेलन तथा 27 सितम्बर छह अक्टूबर तक प्रत्येक स्वयंसेवक प्रत्येक घर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक विकास राज ने कहा कि शक्ति एवं भक्ति का पर्व नवरात्र में आराधना के बाद देशभर में विजयादशमी उत्सव मनाया गया। संघ विगत १०० वर्ष सनातनी समाज को एक कराने के प्रयास में जुटा हुआ है। भगवान राम ने भी रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए गिरीवासी, वनवासी, केवट, निषाद, माता शबरी, हनुमान का साथ लिया। उन्होंने बताया कि हम शास्त्र पूजन तो करते हैं लेकिन शस्त्रों को भूला बैठे हैं। हिन्दूओं के सभी देवी एवं देवता अस्त्र एवं शस्त्र के साथ दिखाई देते हैं। हमे भी हमेशा शस्त्र पूजन करना चाहिए। विकास राज ने बताया कि देशभर में दैनिक शाखाएं, साप्ताहिक शाखाएं और मासिक शाखाएं संचालित हो रही है। इन शाखाओं में बच्चों को संस्कारित करने के प्रयास में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि एक समय भारत देश सम्पूर्ण विश्व का नेतृत्व करता था। उस समय भारत सोने की चिड़िया कहा जाता था जहां ज्ञान, कला, विज्ञान, साहित्य और राजनीति के क्षेत्र आगे थे। आज फिर से जरुरत है देश को सोने की चिड़िया बनाने एवं हर क्षेत्र में आगे लाने की। एक समय भारत शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे था जहां दूर-दूर से युवा शिक्षा नालन्दा एवं तक्षशिला जैसे विद्यालयों में पढ़ने के लिए भारत आते थे। विभाग प्रचारक विकास राज ने बताया कि डा. हेडगेवार के समक्ष स्वतन्त्रता प्राप्ति करना अन्तिम लक्ष्य नहीं था स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद की स्थिति को देखते हुए संघ की स्थपना की गई थी। एक घण्टे की शाखा से कार्य प्रारंभ कियाछोटे-छोटे बच्चों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संघ समाज के बीच में रहकर कार्य कर रहा है तथा अब तक तीन बार प्रतिबन्ध का सामना करना पड़ा तथा हर बार साफ छवि के साथ निखर कर सामने आया। विभाग प्रचारक विकास राज ने बताया आज भारत में गांधार, ढाकेश्वरी देवी, हिंगलाज माता, मानसरोवर एवं ननकाना साहेब नहीं है इनके आने पर भारत अखंड हो पाएगा। उन्होंने बताया कि मोबाइल के आने से युवा सिमट कर रह गया है। पहले सोते थे तब शरीर को आराम मिलता है लेकिन आज युवा सोता है तो मोबाईल को आराम मिलता है। उन्होंने पर्यावरण को लेकर आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि बाजार में सामान लेने जाते समय घर से कपड़े का थैला लेकर जाए एवं प्लास्टिक थैलियों का उपयोग बन्द करें। विकास राज ने विदेशी वस्तुओं का उपयोग नहीं देने की सलाह देते हुए बताया कि ऑनलाईन सामान का रुपया अमेरिका जा रहा है, अमेरिका से पाकिस्तान तथा बाद में वहीं पैसा आंतकियों के पास जाता है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण के समय संघ के स्वयंसेवक ११ करोड़ घरों तक पहुंचे थे। एक बार फिर स्वयंसेवकों को आने वाले समय में फिर से घरों तक पहुंचने की जरुरत है। इस दौरान जैन समाज के प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल रणोली, विधायक शंकरलाल डेचा, पूर्व सांसद कनकमल कटारा, नारायणलाल दर्जी, देवशंकर सुथार, विश्वनाथ पंड्या, डा. आनन्द शर्मा, मनोज दीक्षित, भोगीलाल मोड पटेल, विमल पालीवाल, मुकेश भोई, नीरज शर्मा, हरिमुख भट्ट, जितेन्द्र सुथार, कन्हैयालाल भटिया, हरिश सोमपुरा, जिला प्रचारक निखिल मौजूद रहे।

## अस्पताल में आग लगने की खबर से मची अफरातफरी

## राहत की सांस जब पता चला मॉक ड्रिल थी





● **सागवाड़ा लाईव न्यूज़** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय सागवाड़ा में सोमवार शाम अचानक अफरातफरी मच गई, जब अस्पताल परिसर में आग लगने की खबर फैलते ही पुलिस, एंबुलेंस और अग्निशमन दल सायरन बजाते हुए मौके पर पहुंच गए। बाद में पता चला कि यह एक मॉक ड्रिल थी, जो जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। जयपुर के अस्पताल में हाल ही में हुई आग की घटना को ध्यान में रखते हुए इस ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल शाम 5:19 बजे शुरू की गई, और 5:24 बजे तक पुलिस विभाग, नगर पालिका की अग्निशमन टीम और एंबुलेंस दल मौके पर पहुंच गए। अभ्यास के दौरान उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण, पुलिस उप अधीक्षक रूप सिंह, बीसीएमओ डॉ. पंकज खाट, नायब तहसीलदार रिचा डामोर, पीएमओ डॉ. उमेश परमार, थाना अधिकारी मदनलाल खटीक, फायरमैन निलेश पाटीदार, तथा पटवारी हेमेंद्र सिंह चौहान सहित कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।अस्पताल परिसर में आग बुझाने और मरीजों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया को बारीकी से प्रदर्शित किया गया। इस दौरान एसडीएम सुबोध सिंह चारण ने पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आग से निपटने की तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति में प्रशासन और अस्पताल कर्मियों की तैयारियों की जांच करना था। उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की मॉक ड्रिल भविष्य में भी समय-समय पर आयोजित की जाएगी ताकि किसी भी वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित और समुचित कार्रवाई की जा सके।

**जयपुर**

## राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना

### आरयूआईडीपी कार्यशाला में हाइब्रिड एन्यूटी और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरषिप मॉडल पर हुआ मंथन

### एडीबी और सबंधित विभागीय अधिकारियों सहित 100 से अधिक निवेषकों और हितधारको ने की शिरकत





● **सागवाड़ा लाईव न्यूज़** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के पंचम चरण में प्रस्तावित हाइब्रिड एन्यूटी और पब्लिक-प्राईवेट पार्टनरषिप मॉडल पर जयपुर के राजस्थान इंटरनेषनल सेंटर में कार्यषाला आयोजित की गई। एषियन डवलपमेन्ट बैंक के प्रतिनिधियों सहित 100 से अधिक निवेषकों, संभावित बिडर्स, हितधारकों, तकनीकी विषेषज्ञों और विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने कार्यषाला में भाग लिया और इस विषय पर अपने विचार रखे। एक दिवसीय कार्यषाला एचएएम में और पीपीपी की रूपरेखा और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन ने आरयूआईडीपी के पंचम चरण में प्रस्तावित मॉडल पर सभी को अपने विचार रखने का आग्रह किया। उक्त परियोजना से 19149 करोड़ रुपये की लागत के शहरी आधारभूत विकास कार्य राज्य की 296 नगर निकायों में किये जायेंगे। आरयूआईडीपी के परियोजना निदेषक हरि मोहन मीना ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और आरयूआईडीपी द्वारा किये गये कार्यो के बारे में विस्तार से बताया तथा अपने सुझाव प्रस्तुत करने का आग्रह किया। एडीबी की ओर से सीनियर प्राजेक्ट ऑफिसर भावेष कुमार ने कहा कि यह कार्यषाला विभिन्न स्टेकहॉल्डर्स का फीडबैक लेने के लिए आयोजित की गई है। कार्यषाला में जल संसाधन विभाग,जलदाय विभाग,एचएनबी ग्रुप, जेडब्लूआईएल इंफ्रा लि0, एल एण्ड टी, पीएनसी इंफ्रा तथा स्वेज इंडिया ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से एचएएम मॉडल पर आधारित सफल परियोजनाओं पर प्रकाष डाला और परियोजना के क्रियान्वयन में आई चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में चर्चा की। कार्यषाला में कई विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### "जिले में विभिन्न पंचायतो पर सहकारिता सदस्यता अभियान के शिविरों का आयोजन"

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ राज्य सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगो को जोडकर सहकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने, युवाओं, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, सहकारी कानून की आमजन को जानकारी देने आदि उद्देश्यों के लिए सहकारिता सदस्यता अभियान पूरे राज्य में 02.अक्टूबर 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा हैं। सहकार सदस्यता अभियान के दौरान पैक्स विहीन ग्राम पंचायत में पैक्स का गठन, नवीन सहकारिता कानून के प्रावधानों की जानकारी जनसाधारण को देना, पैक्स, डेयरी, सहकारी समितियों में सदस्यता विशेष कर युवाओं एवं महिलाओं हेतु, पीएम किसान योजना के तहत लंबित आवेदनों की ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग, भूमि विहीन पैक्स, केवीएसएस के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही की जा रही है। अभियान अन्तर्गत जिले में 06 अक्टूबर 2025 तक कुल 79 ग्राम पंचायतों, लेम्पस पर शिविर आयोजित किये जा चुके है। 07 अक्टूबर 2025 को गामड़ी देवल, दामडी, चुण्डावाडा, गामडी अहाडा, चारवाडा, अम्बाडा (चिखली ब्लाक), शिथल, सरथुना, पादरडी बडी, पादरा, कराडा, माण्डव, बाबा की बार, नांदली अहाडा एवं इन्दौडा आयोजित किये जाएगें। उप रजिस्ट्रार सहकारी समितिया डूंगरपुर द्वारा शिविरों मे दौरा कर अधिक से अधिक लोगो को सहकारिता सदस्यता अभियान से जुडते हुए सहकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

## वर्तमान समय में प्रत्येक नागरिक के लिए बीमा सुरक्षा कवच अत्यंत आवश्यक: जिला कलक्टर



सागवाड़ा लाईव न्यूज/ सबको बीमा 2047'' के लक्ष्य को साकार करने के लिए 06 अक्टूबर 2025 को जिला स्तरीय बीमा समिति की बैठक जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक के आरंभ में सदस्य सचिव कृष्णलाल मीणा, सहायक निदेशक, राज्य बीमा एवं प्राव. निधि विभाग, डूंगरपुर द्वारा जिला कलक्टर सिंह एवं बैठक में सम्मिलित सभी सदस्यगणों का स्वागत किया गया एवं जिला स्तरीय बीमा समिति द्वारा किए जाने वाले प्रमुख कार्यो से अवगत कराया गया। बैठक का शुभारंभ करते हुए सदस्य सचिव मीणा ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। जैसा की सामाजिक जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी रूप से बीमा योजना के सुरक्षा कवच से सुरक्षित होना आवश्यक है, जिससे स्वयं को एवं परिवारजनों को आर्थिक सम्बल प्राप्त हो सके। बजाज एलायंस लाईफ इश्योरेंस कंपनी डूंगरपुर प्रतिनिधि विजय जोशी ने सबको बीमा अभियान 2047 विस्तार से अवगत कराया गया। बीमा परिवार के जोखिम में आर्थिक सुरक्षा, निवेश के फायदे, पेन्शन प्लान आदि बिन्दुओं पर प्रेजेन्टेशन दिया गया। उन्होंने बताया कि कुछ विभागों जैसे पशुपालन, कृषि, परिवहन आदि का सहयोग प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार अन्य समस्त विभागों विशेषतः शिक्षा विभाग के सहयोग हेतु निवेदन किया गया। हरीश त्रिपाठी, युनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, डूंगरपुर ने भी उक्त बिंदुओं पर चर्चा करते हुए युवाओं में सड़क सुरक्षा और बीमा के प्रति जागरूकता के बारे में बताया तथा विभिन्न बीमा प्रकारों पर फोकस डालते हुए इसे परिवार का अभिन्न अंग बनाने का निवेदन किया। उन्होने वाहन बीमा के बारे में अवगत कराते हुए निवेदन किया कि परिवहन विभाग का सहयोग मिलने पर इस कार्य में त्वरित गति मिल सकती है। त्रिपाठी ने इसमें प्रशासन के सहयोग हेतु निवेदन किया। जिला कलक्टर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में प्रत्येक नागरिक के लिए बीमा सुरक्षा कवच अत्यंत आवश्यक है। बीमा योजनाएं न केवल जीवन को सुरक्षित बनाती हैं, बल्कि कठिन समय में आर्थिक सहारा भी प्रदान करती है। जिला कलक्टर सिंह ने बैठक में आमजन में इस अभियान की जागरुकता का प्रचार-प्रसार भूमि स्तर पर करने तथा प्रत्येक स्तर पर निरंतर निगरानी एवं समीक्षा करने के निर्देश प्रदान किए और बताया कि हमें छोटे-छोटे प्रयासों से ही बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। छोटे-छोटे क्रियाकलापों से बीमा संस्थानों एवं प्रतिनिधियों द्वारा इस अभियान की जागरुकता को फैलाने एवं विभिन्न विभागों को भी इसमें सहभागिता देने हेतु निर्देशित किया गया व इंश्योरेंस कंपनी प्रतिनिधि को परिवहन विभाग की बैठकों में जाकर वाहन बीमा के बारे में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। अति. जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने बताया कि बीमा केवल एक सुरक्षा तंत्र नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की नींव है। उन्होंने बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना हेतु भूमि स्तर पर मोनिटरिंग करने पर जोर देते हुए क्रियान्वियन की गति को त्वरित करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही समस्त विभागों को निर्देशित किया कि वे इस अभियान में पूर्ण रुप से सहयोग प्रदान करे। इस अवसर पर बैठक में जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, पशुपालन विभाग संयुक्त निदेशक डॉ. दिनेश चन्द्र बामणिया, जिला परिवहन अधिकारी मनीष माथुर, श्रम विभाग मनोज रोत, शाखा प्रभारी बजाज एलॉयंस लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड विजय जोशी, युनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड हरिश त्रिपाठी, सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव रखकर देश सेवा का व्रत धारण करने आह्वान, कमलेश भाई शास्त्री

संवाददाता | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

सागवाड़ा नगर के मुरलीधर मंदिर भावसार समाज के नोहरे में विश्वहिंदू परिषद, के सागवाड़ा से निखिल गुप्ता ने कार्यक्रम की व्यवस्था द्वारा मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी , बजरंग दल के सयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेविका की बहनों के सहयोग द्वारा विजया दशमी उत्सव , शस्त्र पूजन कन्या पूजन का आयोजन कथावाचक कमलेश भाई शास्त्री,कमलेश्वरी गुप्ता,रविप्रताप पारंगी, जय श्री दीदी,कन्हैयालाल पंचाल,के आतिथ्य में मां भगवती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ हुआ। स्वागत परिचय आशीष शर्मा,हंसमुख भावसार ,निखिल गुप्ता,रणछोड़ भाटिया,हंसिका,सुनीता,प्रियंका ने तिलक अपर्णा से सम्पन्न किया। वेदोक्त मंत्रोच्चार से अतिथियों ने शस्त्र पूजन ,कन्या पूजन कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता कमलेशभाई शास्त्री एवं जयश्री दीदी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के शताब्दी वर्ष की गौरवमय यात्रा पर प्रकाश डालते हुए आह्वान किया कि जिस तरह संघ के स्वयं सेवक राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव रखकर कार्य करते हे वैसे ही जनजन को अब जागृत होकर इसी भाव से देश सेवा का व्रत धारण करने आह्वान करते हुए संघ के पंच परिवर्तन कार्य में सहयोग कर मां भारती की सेवा में तैयार रहने कहा। आभार नागेंद्र शर्मा एवं संचालन शीला जोशी ने किया। समापन आरती एवं प्रसाद वितरण से हुआ। इस अवसर पर तृप्ति भावसार,मोनिका भावसार,करुणा जोशी,मधु भाटिया,तृप्ति पाठक,अशोक राणोली ,विजयकुमार जेन,नानालाल दर्जी,नीरज पंचाल,प्रद्युमन शाह,श्याम भट्ट,उमेश दर्जी,अनुराग रावल, तिलक नंदिनी,अनुराग पाठक,मुकेश भावसार, नगीन सोमपुरा सहित विविध संगठनों से माता बहिनें युवा ,प्रबद्धजन उपस्थित रहे।




